Page No.
Date / 201

Sem - VI (Course - 10)

Unit I - Meaning of Normality

सामान्यता का अर्थ

सामान्यता एक सांख्यिकीय संप्रत्यय (statistical concept) है जिसके सहारे वैयक्तिक विभिन्नता (individual differences) की व्याख्या की जाती है। सामान्यता से तात्पर्य यह होता है कि व्यक्तियों के समूह को यदि शीलगुण (विशेषता) (traits) पर मापा जाए, तो बहुत ही कम व्यक्तियों में वह विशेषता या शीलगुण अधिक या कम मात्रा में होगा अधिकतर व्यक्ति ऐसे होंगे जिनमें वह शीलगुण अधिक मात्रा में होगी।

उदाहरणस्वरूप, अगर किसी भी कक्षा मे जाकर छात्रों की बुद्धि (intelligence) की माप की जाए तो पाएँगे कि बहुत ही कम छात्र प्रखर बुद्धि के हैं और उसी तरह बहुत ही कम छात्र मन्द बुद्धि के हैं। अधिकतर छात्र सामान्य बुद्धि (Normal Intelligence) के हैं। इस प्रकार Normality या सामान्यता व्यक्तिगत विभिन्नता की एक विशेषता है।

व्यक्तिगत (वैयक्तिक) विभिन्नता (individual Differences), किन्हीं दो व्यक्तियों की आदत (habit), शीलगुण (traits), बुद्धि (intelligence) एवं अन्य व्यवहारों (other behaviours) में जो अन्तर होता है उसे ही वैयक्तिक विभिन्नता कहा जाता है।